# समाचार

# अधिकारी कर्मचारियों की कार्यकुशलता से बनती है संस्था की पहचान–महापौर

## (सेवानिवृत्त सहा.कार्या. अधी. बी.एल. प्रधान को दी गई विदाई )

कोरबा 04 सितम्बर 2013 –महापौर श्री जोगेश लाम्बा ने आज कहा है कि किसी भी संस्था के अधिकारी कर्मचारियों की कार्यकुशलता, कर्तव्यनिष्ठा एवं आमजन के प्रति उनके अच्छे व्यवहार से ही उस संस्था की विशिष्ट पहचान बनती है, नगर पालिक निगम कोरबा इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है तथा यहां के अधिकारी कर्मचारियों की कार्यकुशलता से ही निगम को एक विशिष्ट पहचान मिली है।

उक्ताशय के विचार महापौर श्री लाम्बा ने आज निगम में आयोजित सेवानिवृत्त कर्मचारी के विदाई कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। नगर पालिक निगम कोरबा में सहा. कार्यालय अधीक्षक के पद पर विदाई देने निगम में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महापौर श्री जोगेश लाम्बा के मुख्य आतिथ्य तथा आयुक्त श्री आलोक चंद्रवंशी की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर महापौर श्री लाम्बा ने अपने उदबोधन में आगे कहा कि निश्चित रूप से दीर्घ समय तक संस्था में सेवा करने के पश्चात उस संस्था को छोड़कर जाना कष्टप्रद होता है, किन्तु नौकरी अवधि की यह एक अनिवार्य प्रक्रिया है। उन्होने कहा कि निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली से अपनी तथा अपनी संस्था की विशेष पहचान बनाई है, जिसके लिए मैं उन्हें बधाई एवं धन्यवाद देता हूं तथा विश्वास रखता हूं कि उनकी यह विशेष पहचान हमेशा कायम रहेगी। इस मौके पर सेवानिवृत्त सहायक कार्यालय अधीक्षक बी.एल. प्रधान का शाल एवं श्रीफल से अभिनंदन करते हुए उन्हें सेवानिवृत्ति का प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह व देय स्वत्वों की राशि का चेक प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयुक्त श्री आलोक चंद्रवंशी, मेयर इन काउंसिल सदस्य अनिल पाण्डेय, रामकिशोर यादव, बुधवार साय यादव , सुशील गर्ग, राधा महंत, कुरेशा बेगम, दीपक यादव, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर. मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एम. के. वर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, एम.एन. सरकार, आर.के. भोजासिया, निगम सचिव पवन वर्मा, अनुभाग अधिकारी गिरीश साहू, सहायक अभियंता अखिलेश शुक्ला, संपदा अधिकारी अली बख्श, सहायक अभियंतागण डी.सी. सोनकर, एन.के. नाथ, डी.के. सिंह, विनोद शाण्डिल्य, भूषण उरांव, व्ही.के. सारस्वत, डॉ. संजय तिवारी, एस.सी. जैन, बी.एल. राठौर, सी.पी. शर्मा, अशोक देशमुख, आनंद दुबे,

अरूण मिश्रा, कपिल श्रीवास्तव, आर.एस. चौहान, राजीव कुमार सिंह, संजय सिंह, मनीष ठाकुर, हेमन्त गवेल, अरविन्द सिंह, सरस देवांगन, राजेन्द्र तिवारी, जी.एस. चदेल, बी.एल. पाण्डेय, अरूण वर्मा, कमल लहरे, मनोज श्रीवास सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**( रावेन्द्र सिंह )**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
**नगर पालिक निगम**
कोरबा (छ.ग.)